आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 मार्च 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'सबका साथ सबका विकास– जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ जन जन तक पहुंच रहा है।

साथियों, भारत आज प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थ के लिए एक विशाल विजन पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है, सैकड़ों जिलों में नए–नए मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। आयुष्मान भारत योजना, आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव–गांव तक बढ़ाई गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। देखभाल अर्थव्यवस्था के उदय पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि केयरगिवर्स की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों में बेटियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

****

डिजिटल कनेक्टिविटी के साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत आज लखनऊ में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच करार हुआ।

इस परियोजना के तहत अगले दो से तीन वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई–स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि न्याय पंचायत स्तर पर आठ हजार से 10 हजार स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें महिलाओं की लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना है। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज का यह एमओयू प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जो एमओयू हुआ है, यह अपने आप में उत्तर प्रदेश में एक बहुत बड़ा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। और हम समझते हैं कि यह आज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को एंप्लॉयमेंट दें। और अगर तकनीक के साथ एंप्लॉयमेंट दिया जाए तो मैं समझता हूं कि वह सबसे ज्यादा सार्थक होगा। क्योंकि डिजिटल युग है, हर क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर जनता दर्शन का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री नेसंबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

****

प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों– केजीबीवी में अध्ययनरत बेटियों की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर आज से अयोध्या, प्रतापगढ़ और गाजियाबाद के केजीबीवी वार्डनों के विशेष प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली तथा भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

भारत सरकार के सचिव रामनिवास ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि उन बेटियों के लिए अवसर का मंच हैं जो सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आती हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वार्डनों की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल और बालिका संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को और सुदृढ़ करेगा।

****

बस्ती में आज एक ट्रेलर और ऑटो के बीच हुई टक्कर में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदिया चौराहे पर हुए इस हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रेलर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में जा भिड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रेलर ने अपना नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रहे ऑटो को टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

****

मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव न होने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्शियस तक की क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी, उसके बाद उतनी की गिरावट होने की संभावना है।

****